**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 26.11.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **संविधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस कार्यालय में तथा सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों को संविधान के आदर्शों का पालन करने व राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को अक्षुण्ण रखने की दिलाई गई शपथ।**
- **सभी थानों में एक सादे, गरिमामय एवं औपचारिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन। पुलिसकर्मियों को दिलाई गई शपथ।**

**विवरण-** आज दिनांक 26.11.2025 को संविधान दिवस के अवसर पर जनपद में पुलिस कर्मियों को संविधान के आदर्शों का पालन करने तथा देश की एकता और अखण्डता को बनाये रखने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय में तथा सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा सुश्री मेविस टॉक द्वारा पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों को मौलिक कर्तव्यों की जानकारी देकर संविधान में निहित मूल्यों, आदर्शों एवं उदेश्यिका का स्मरण कराते हुये राष्ट्र की एकता व अखण्डता बनाये रखने की शपथ दिलाई गयी। इसी क्रम में के समस्त थानों पर थाना प्रभारियों द्वारा थानों में नियुक्त पुलिसकर्मियों को राष्ट्र की एकता व अखण्डता बनाये रखने की शपथ दिलाई गयी।

**संविधान दिवस -** बता दें कि संविधान निर्माताओं के अथक परिश्रम के फलस्वरुप 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत किया गया था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 में संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जयंती पर संविधान दिवस मनाये जाने की घोषणा की तब से प्रतिवर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रुप में मनाया जाता है। संविधान दिवस का उदेश्य लोगों को संविधान की उदेश्यिका, इसके मौलिक अधिकारों और इसके द्वारा दी गई जिम्मेदारियों के प्रति जागरुक करना है। इस दिन लोगों को संविधान के मूल्यों एवं आदर्शों का पालन करने व राष्ट्र की एकता व अखण्डता को अक्षुण्ण बनाये रखने की शपथ दिलाई जाती है।